केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

आवधिक परीक्षा -1

विषय -हिंदी　　कक्षा-सातवीं　　अवधि- 1:30 घंटे　　पूर्णांक 40

टिप्पणी :　सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

---

1. सही विकल्पका चयन करें :-　(1*5=5)

I)　पक्षियों के क्या अरमान थे ?

क) नीले नभ की सीमा तक उड़ना　ख)शोर मचाना

ग) पानी पीना　घ)इनमे से कोई नहीं

II)　'मुँह में राम बगल में छुरी' का अर्थ है -

क) साथ-साथ चलना　ख)बहुत क्रोधित होना

ग)धोखेबाज़ आदमी　घ)इनमें से कोई नहीं

III)　नदियों को लोकमता किसने कहा?

क) शेखर ने　ख)महादेवी ने

ग)काका कलेलकर ने　घ)इनमें से कोई नहीं

IV)　'वेदव्यास किसके पुत्र थे?-

क) कालीदास　ख)शुक्राचार्य

ग)सार्हिक　घ)परासर

V)　महाभारत की कथा का प्रसार किसके द्वारा हुआ?

क) वैशंपायन के द्वारा　ख)अर्जुन के द्वारा

ग)सात्यकी के द्वारा　घ)इनमें से कोई नहीं

2　निम्न पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए-　(1*5=5)

कठपुतली
गुस्से से उबली
बोली ये धागे
क्यों हैं मेरे पीछे आगे?
इन्हें तोड़ दो;
मुझे मेरे पावों पर छोड़ दो।
सुनकर बोलीं और-और कठपुतलियाँ
कि हाँ
बहुत दिन हुए
हमें अपने मन के छंद छुए
मगर......

पहली कठपुतली सोचने लगी
ये कैसी इच्छा
मेरे मन में जगी?

1) कवि और कविता का नाम लिखिए।
2) कठपुतली को किस बात पर गुस्सा आया ?
3) पहली कठपुली की बात पर अन्य कठपुतलियों ने क्या प्रतिक्रिया दी?
4) पहली कठपुतली क्यों चिंतित हो उठी?
5) 'छंद' शब्द का अर्थ बताइए।

3) निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए- (1*5=5)

सरदी के दिन थे । रोहिणी स्नान करके मकान की छत पर चढ़कर आजानुलंबित केशराशि सुखा रही थी। इस समय नीचे की गली में सुनाई पड़ा- "बच्चों को बहलानेवाला मिठाईवाला।" मिठाईवाले का स्वर उसके लिए परिचित था, झट से रोहिणी नीचे उतर आई। उस समय उसके पति मकान में नहीं थे। हाँ उनकी बृद्धा दादी थीं। रोहिणी उनके निकट आकर बोली- "दादी चुन्नू-मुन्नू के लिए मिठाई लेनी है। ज़रा कमरे में चलकर ठहराओ। मैं उधर कैसे जाऊँ, कोई आता न हो । ज़रा हटकर मैं भी चिक की ओट में बैठी रहूँगी।

क) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।
ख) गद्यांश में किस मौसम का वर्णन हुआ है?
ग) मिठाईवाले को रोहिणी ने किस कारण पहचान लिया?
घ) मिठाईवाले को ठहराने के लिए रोहिणी ने किससे कहा?
ङ) 'आजानुलंबित केशराशि' का अर्थ बताइए।

3) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3*5=15)

क) लेखक को अपनी दादी माँ कि याद के साथ-साथ बचपन की और किन-किन बातों की याद आ जाती है ?
ख) रक्त के सफ़ेद कणों को वीर सिपाही क्यों कहा गया है?
ग) खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रातक्रिया होती थी?
घ) हिमालय की यात्रा मी लेखक ने किन-किन कि प्रशंसा कि है?
ङ) हर तरह की सुख सुविधाएं पाकर भी पक्षी पिजड़े में क्यों नहीं रहना चाहते ?

4) बाल महाभारत के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2*3=6)

क) केवटराज ने राजा शांतनु के सामने क्या शर्त रखी ?
ख) दुर्योधन ने लाख का घर किस उद्देश्य से बनवाया?
ग) देवव्रत का नाम भीष्म कैसे पड़ा?

5) निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए- (4)

क) हिमालय ख) पर्यावरण कि सुरक्षा : हमारा कर्तव्य